वेबसाइट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 28 जून 2022

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

उदयपुर में जिहाद प्रणीत क्रूर हत्या के दोषियों पर हो शीघ्र कार्रवाई: अभाविप

कट्टरपंथियों के बढ़ते हौंसले के लिये गहलोत सरकार दोषी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राजस्थान के उदयपुर में एक दर्ज़ी की पांथिक कट्टरवादियों द्वारा कायरतापूर्ण की गयी जघन्य हत्या की तीव्र निंदा करती है। 10 दिन पूर्व से ही उक्त दर्ज़ी को मजहबी उन्मादियों द्वारा लगातार धमकियां मिल रहीं थीं, लेकिन स्थानीय पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिसकी परिणति अत्यंत दुखद घटना के रूप में हुई है।

उदयपुर में जेहादी मानसिकता के खूनी प्रदर्शन के लिये गहलोत सरकार की लचर कानून व्यवस्था व तुष्टीकरण की राजनीति कारक है। अत: अभाविप गहलोत सरकार को नींद से जाग कर अपने उत्तरदायित्व को पहचान कर उचित कार्रवाई करने की माँग करती है।

सोशल मीडिया पर हत्या की ज़िम्मेदारी लेने वाले दो मुस्लिम युवकों द्वारा इस जघन्य कृत्य का वीडियो पोस्ट करने के कारण अनेक क्षेत्रों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उक्त घटना से राजस्थान सरकार की कानून व्यवस्था बनाए रखने की अक्षमता पुनः सामने आ गई है। इस घटना के बाद उपजी तनावपूर्ण स्थितियों में अभाविप देशवासियों से शांति की अपील करती है तथा हत्या के दोषियों पर शीघ्र कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करती है।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)